n style='mso-bidi-font-weight: bold'>

Title: Need to provide funds under Accelerated Irrigation Benefit Programme for repair of canals of Chambal Command Area and Kota Barrage in Rajasthan.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): मेरे संसदीय क्षेत्र में कोटा सिंचाई व्यवस्था पचास साल पुरानी है जिसमें चम्बल कमांड एरिया एवं कोटा बराज से दो नहरें निकलती हैं। राईट मेन गेट कैनाल 324 किलोमीटर बहकर हजारों किलोमीटर राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की भूमि को सिंचित कर रही है जिसमें राजस्थान में कैनाल के 124 किलोमीटर के मार्ग के माध्यम से 6656 क्यूसेन पानी से 1 लाख 27 हजार हेक्टयर भूमि की सिंचाई हो रही है और लेफ्ट मेनगेट कैनाल से कोटा, बूंदी एवं बारां की कृषि क्षेत्र के 1 लाख 2 हजार हैक्टेयर को 1500 क्यूसेक पानी से सिंचाई का लाभ मिल रहा है। देश में यह सिंचाई परियोजना काफी पुरानी हो गई है जिसके कारण नहरों के कई स्ट्रेप टूट गये हैं और नहर के साथ लगी सड़कों पर कई दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। आने वाले समय में अगर इनके मरम्मत कार्य पर ध्यान नहीं दिया गया तो इन नहरों की दशा दयनीय एवं खतरनाक हो जायेगी। चम्बल कमांड एरिया सिंचाई अंतर्गत भी नहरों की यही हालत है। केन्द्र सरकार द्वारा विशेष परिस्थितियों में नहरों के मरम्मत कार्य में आर्थिक मदद के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत आर्थिक सहायता दी जाए।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि चम्बल कमांड एरिया एवं कोटा बराज से निकलने वाली उपरोक्त नहरों के मरम्मत कार्य को दुरस्त करने हेतु केन्द्र स्तर पर मदद या विशेष परिस्थितियों में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत आर्थिक सहायता दी जाए।